आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.09.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत प्रगति के एक वर्ष का प्रतीक है। कार्यक्रम में मोदी पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और ऋण जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे।

वर्ल्ड फूड इंडिया

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के बारे में चार दिवसीय कार्यक्रम, वर्ल्ड फूड इंडिया आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बताया है कि 90 से अधिक देश, 26 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा 18 केंद्रीय मंत्रालय इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्थायित्व के प्रयासों में समन्वय करना है। इस कार्यक्रम से भारत को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने का ऐतिहासिक अवसर भी मिलेगा।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता मे कल शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत बसंतपुर विकासखंड की सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों संबधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो, इसके लिए पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक शक्तियां देकर मजबूत किया जा रहा है तथा महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत बसंतपुर के विकास कार्यों के लिए इस वर्ष लगभग 62 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है जिनके निर्माण कार्य जारी है।

शांडिल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार कमज़ोर वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे कल सोलन विधानसभा क्षेत्र के कण्डाघाट के टिक्करी में दिव्यांगजन के लिए निर्मित होने वाले उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र के लिए चयनित निर्माण स्थल का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस केन्द्र में

27 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान तथा सभी अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

शांडिल ने कहा कि केन्द्र में लगभग 300 दिव्यांग विद्यार्थियों सहित सामान्य विद्यार्थी भी शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 4 हजार रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और सोलन ज़िला में अब तक 2 सौ 5 पात्र बच्चे इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। शांडिल ने कहा कि इस वर्ष सामाजिक सुरक्षा, महिला, बाल एवं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कुल 2 हजार 4 सौ 57 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को इसके निर्माण के लिए औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई स्थानों पर मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। प्रदेश में इस वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जनजातीय जिला किन्नौर के मध्यम व निचले क्षेत्रों में बीते कल से बारिश और ऊंची चोटियों में ताजा हिमपात होने से तापमान में भारी गिरावट के साथ ठंड बढ़ गई है। बारिश व ठंड के चलते बागवानों को सेब तुडान को लेकर काफी दिक्कतें आ रही हैं। वही जिले में इस बारिश के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिले में कहीं–कहीं पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इस महीने के अंत तक प्रदेश से मॉनसून के विदा होने की संभावना है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.................

आज अशिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–कुर्सी कें लिए राहुल के खिलाफ बोल रहे बिट्टू–भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को करना चाहिए हस्तक्षेप। पंजाब केसरी का शीर्षक है–कुर्सी बचाने के लिए राहुल के खिलाफ बयानबाजी कर रहे बिट्टू। दैनिक भास्कर ने लिखा है– कांग्रेस सांसद रहते राहुल के कसीदे पढ़ते थे बिट्टू अब कुर्सी बचाने को बयानबाजी करने लगे। दिव्य हिमाचल और दैनिक जागरण के एक जैसे शब्द है–अपने नेताओं पर लगाम लगाएं नड्डा। हिमाचल दस्तक ने लिखा है–स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकार। दैनिक सवेरा टाईम्स के अनुसार–सीएम ने क्षय रोग पर राष्ट्रीय टॉस्क फोर्स की दो दिवसीय बैठक का किया शुभारम्भ।

मौसम पर आपका फैसला का शीर्षक है—हिमाचल के कुछ भागों में 7 दिन तक बारिश जारी रहने के आसार। हिमाचल दस्तक के मुताबिक—24 के बाद रूख़सत हो जाएगा मॉनसून। दैनिक भास्कर की सुर्खी है—ठंड की दस्तक—6 जिलों में बारिश से 4 से 9 डिग्री तक गिरा पारा, दो दिन तेज बारिश का अलर्ट।

———